Regarding removal of unauthorized advertisement hoardings on National Highways ? laid

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): मैं आपका ध्यान राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगाये गए अवैध होर्डिंगों की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ। किसी भी स्थान पर प्राधिकरण की अनुमति के बिना ही इस प्रकार के होर्डिंग लगा दिए जाते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग लगाये जाने के दौरान अनेक बार तो इस बात का भी ध्यान नहीं किया जाता है कि यह दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र है अथवा नहीं। अनेक बार राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के स्थानीय अधिकारियों/कर्मचारियों की मिलीभगत से लगाये जाने वाले इस प्रकार के होर्डिंगों से सरकार को राजस्व की हानि होने के साथ ही दुर्घटनाओं को भी बढ़ावा मिलता है। अनेक बार तो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के दिशा सूचक बोर्डों पर भी इस प्रकार के होर्डिंग/फ्लेक्स लगा दिए जाते हैं। मेरा सरकार से अनुरोध है कि देश के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध प्रकार से लगाये जाने वाले होर्डिंगों इत्यादि को हटवाया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्यवाही कर इससे होने वाली राजस्व की हानि को उनसे वसूल किया जाए।